तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025

11 रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सड़क, जल निकासी आंगनबाड़ी भवन व पशु चिकित्सा केंद्र की स्थिति पर हुई चर्चा



12 जामवंत ने याद दिलाने पर लंका पहुंचे हनुमान ...



## खबर संक्षेप

### खेत में बने कमरे से सिंचाई उपकरण चोरी

**कोसली।** नाहड़ गांव में चोर एक किसान के खेत में बने कमरे का ताला तोड़कर सिंचाई उपकरण चोरी कर ले गए। किसान कृष्ण ने नाहड पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि उनके खेत में बने कमरे में सिंचाई उपकरण रखे हुए थे। सोमवार को वह खेत में पहुंचे तो कमरे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो 15 फव्वारे व दो रस्से गायब थे। पुलिस ने उनकी शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

### जिला में एचआर 36-एवी की नई सीरीज शुरू

**रेवाड़ी।** एसडीएम सुरेश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से वाहन चालकों के लिए एक अक्टूबर से नई सीरीज एचआर 36-एवी शुरू हो गई है। ऐसे में कोई भी वाहन चालक नई सीरीज में मनपसंद नंबरों के लिए परिवहन सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन ऑक्शन में भाग ले सकता है। उन्होंने बताया कि वाहन चालक नए रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन ऑक्शन के आधार पर नई सीरीज में अपनी पसंद का नंबर प्राप्त कर सकता है, जिसके लिए निर्धारित राशि का भुगतान करना होगा।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाने को लेकर बैठक कल

**रेवाड़ी।** डीएससी समाज की आगामी मीटिंग 2 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे वाल्मीकि आश्रम कालाका रोड में आयोजित की जाएगी। मंगलवार को आयोजित बैठक में डीएससी प्रधान विजय इंदौरा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने एससी आरक्षण में वर्गीकरण करके डीएससी वर्ग को नौकरियों में अलग से 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है, लेकिन ओएससी समाज के लोग गलत तरीके से जाति प्रमाण पत्र बनवाकर डीएससी वर्ग में घुसने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए डीएससी समाज अपनी भविष्य की रणनीति के लिए आवश्यक मीटिंग कर रहा है। 2 अक्टूबर को आयोजित मिटिंग में 7 अक्टूबर को मनाई जाने वाली वाल्मीकि जयंती के बारे में विचार किया जाएगा तथा 12 अक्टूबर को स्वतंत्रता सेनानी चौ. डूंगरमल धानक की रेवाड़ी में मनाई जाने वाली राज्यस्तरीय जयंती पर भी चर्चा होगी।

*बैठक में नजर आई अधिकारियों में तालमेल की कमी, विकास कार्यों की गुणवत्ता पर नगर पार्षदों ने उठाए सवाल*

# नप की हंगामेदार बैठक में एक दर्जन प्रस्ताव पारित दो अगली मीटिंग के लिए रखे गए लंबित



रेवाड़ी। बैठक में पार्षदों को जानकारी देते ईओ सुशील कुमार। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

### कार्यकारी अधिकारी, एक्सईएन और नगर परिषद चेयरपर्सन में नहीं दिखा तालमेल

छह माह बाद मंगलवार को बुलाई गई नगर परिषद की बैठक हंगामेदार रही, जिसमें अधिकारी और नगर पार्षद कई मुददों पर आमने सामने नजर आए। जनहित के मुददों को उठाने में नगर पार्षदों ने भी कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी। नगर परिषद की चेयरपर्सन पूनम यादव की अध्यक्षता की बैठक में 36 सदस्यों के इस सदन के छह सदस्य नदारद रहे। बैठक में कई मौके पर हंगामा हुआ। बैठक की कार्यवाही की शुरूआत नप के कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार भुक्कल ने की। इसके बाद पिछली बैठक की पुष्टि किए बिना ही कार्य मसौदा के बिंदु नंबर 2, जोकि रेवाड़ी नगर परिषद को नगर निगम बनाने से संबंधित था, उसको विचार के लिए रखा गया। कुछ पार्षदों ने इस प्रस्ताव को सदन में लाए जाने में देरी का मामला उठाया। बाद में यह प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित कर दिया गया। नप चेयरपर्सन पूनम यादव ने कहा कि इस मामले में अब तक नगर की आबादी बड़ा मामला है। आस पास के गांवों में नगर निगम में शामिल होने के प्रस्ताव लिए जाएंगे ताकि 3 लाख आबादी वाली शर्त को पूरा किए जा सकें। सदन ने इस प्रस्ताव को अपनी सहमति देकर पारित कर दिया। दूसरा प्रस्ताव नागरिक अस्पताल को नगर परिषद क्षेत्र की सीमा में ही बनाने बारे रखा गया, जिस पर नगर पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा कि सभी पार्षद इस प्रस्ताव पर एकमत है। यह प्रस्ताव भी सर्व सहमति से पारित कर दिया गया।

### सरपंच के नाम वाले चौक की धनराशि नहीं पहुंचने का मामला उठाया

*तीसरा प्रस्ताव नगर परिषद के क्षेत्र में फ्लाइंग लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव के नाम पर चौक बनाने का था, उसे भी सदन ने अपनी मंजूरी दे दी गई। नगर पार्षद मनीष गुप्ता ने गोरक्षक सोनू यादव सरपंच के नाम वाले चौक की धनराशि नहीं पहुंचने का मामला उठाया। नप अधिकारियों ने बताया कि इस मामले को मुख्यमंत्री कार्यालय के संज्ञान में लाया जाएगा। पांचवां प्रस्ताव शहर के भाड़ावास गेट, गोकल गेट, दिल्ली गेट और कानोड़ गेट के सौंदर्यकरण कराने का था, जिसको सभी पार्षदों ने सर्व सहमति से पारित कर दिया। छठा प्रस्ताव नगर परिषद की गांव जाटूवास में 85 कनाल 8 मरला जमीन, जोकि शहर की डेरियों को बाहर शिफ्ट कराने संबंधी कार्य परियोजना के लिए खरीदी गई थी, वहां पेयजल का टंक बनाने से संबंधित था, उसे जनस्वास्थ्य विभाग को निर्धारित मापदंड या नियमानुसार देने से संबंधित था, उस पर नगर पार्षदों ने जबरदस्त हंगामा किया।*



रेवाड़ी। नप हाउस की बैठक में मौजूद पार्षद व अधिकारी। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। बैठक में अपनी बात रखते हुए पार्षद मनीष गुप्ता। फोटो :हरिभूमि

### डेयरी शिफ्ट करने का मामला अभी लंबित

पार्षदों का अंतिम मत यह सामने आया कि अगर यह वाटर टंक शहरी आबादी के लिए पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बनाया जाना है तो सही है, इस जमीन को इस कार्य के लिए जनस्वास्थ्य विभाग को दे दिया जाए अन्यथा गांवों के लिए पेयजल टैंक बनाने के लिए यह जमीन बिल्कुल भी जनस्वास्थ्य विभाग को नहीं दी जाए। इस मामले पर ईओ सुशील कुमार ने बताया कि अभी डेयरी शिफ्ट करने का मामला अभी लंबित है और इसलिए इस जमीन को वाटर टैंक बनाने के लिए देने का प्रस्ताव लाया गया है।

### परिसर को रंग पेंट कराने का प्रस्ताव रखा

इस मामले पर पार्षद एडवोकेट चंदन यादव ने सवाल उठाया कि महाराणा प्रताप चौक का सौंदर्यकरण होने के बाद फव्वारे नहीं चले। 12वें प्रस्ताव में नप कार्यालय की मरम्मत, शौचालय और इस परिसर को रंग पेंट कराने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे पारित कर दिया गया। इसके अलावा चिरंजीलाल नगर की गली नंबर 2 को बनवाने और एक अन्य विकास कार्य का प्रस्ताव विधायक लक्ष्मण सिंह यादव को भेजे गए है।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में श्याम सुंदर चुग उप-प्रधान, पार्षद संगीतलता, सुरेश शर्मा, प्रवीण चौधरी, सरिता सैनी, लोकेश यादव, गोपाल कृष्ण, सुरेश कुमार, पूनम सतीजा, मंजू, रेखा, चंदन यादव, राजबाला राव, गिरीश भारद्वाज, रजंना भारद्वाज, सुचित्रा चांदना, मनीष गुप्ता, निहाल सिंह, विजय राव, राजेन्द्र कुमार, राधा सैनी, नीरज कुमार, बबीता, मोनिका यादव, रमेश कुमार, नरेश कुमार, कुसुमलता, सतेन्द्र यादव, रोहताश सिंह वाल्मीकि, एक्सईएन अंकित वशिष्ठ, एमई नरेश कुमार व सभी जेई मौजूद थे।

### शहर के बड़ा तालाब का प्रस्ताव रखा

सार्वजनिक शौचालय बनाने और बने हुए शौचालयों के नवीनीकरण कराने के प्रस्ताव पर पार्षद नाराज नजर आए। शहर के सभी शौचालयों की हालत को लेकर पार्षदों के नकारात्मक विचार सामने आए। इतना ही नहीं नप के कार्यकारी अधिकारी ने भी इस मामले में नगर परिषद परिसर में महिलाओं और उनके कार्यालय के शौचालय की खराब स्थिति को बयां किया। एक नगर पार्षद के प्रतिनिधि ने जूनियर इंजीनियर वीरपाल का नाम लेकर उसकी कार्यशैली पर सवाल उठाए। आठवां प्रस्ताव शहर के बड़ा तालाब और सोलहराही तालाब को पर्यटन स्थल बनाने से संबंधित था, जिसको सभी नगर पार्षदों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। इसके साथ ही नंद सरोवर को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकासित करने का मामला भी पार्षद ने उठाया। नौवे प्रस्ताव में शहर के मुख्य मार्गों पर स्वागत द्वार बनवाने, नप क्षेत्र में लाल डोरा क्षेत्र में प्रमाण पत्र देने के लिए कमेटी नियुक्त करने और लाल डोरा में किए गए कार्य को सत्यापित करने पर भी सहमति बन गई।

### राज स्कूल ने छात्रों के लिए करियर परामर्श सत्र का आयोजन



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

*रेवाड़ी। राज इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए करियर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। परामर्श सत्र एमिटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम की ओर से आयोजित किया गया था। इस सत्र के मुख्या वक्ता डा. मनोज पांडे, डा. सुनील सिक्का और नरेंद्र शर्मा थे। उन्होंने छात्रों को एआई, रोबोटिक्स, चिकित्सा, स्वास्थ्य सेवा,साइबर सिक्योरिटी, मैनेजमेंट, ह्यूमैनिटीज, फैशन और डिजाइनिंग जैसे करियर विकल्पों की पहचान करने और उन्हें तलाशने में मार्गदर्शन दिया। स्कूल चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने कहा कि ऐसे सत्र युवा छात्रों को एक करियर बनाने और सही शैक्षिक निर्णय लेने में मदद करते हैं। स्कूल प्रबंधन ने अतिथियों को पौधा देकर आभार व्यक्त किया।*

# जिले में 217 पर पहुंची डेंगू मरीजों की संख्या

**लार्वा मिलने पर 3024 को दिए जा चुके नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले में डेंगू के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। निजी व सरकारी अस्पतालों में खासी, जुकाम व बुखार के मरीजों की ओपीडी में भी काफी इजाफा हो रहा है। जिले में इस वर्ष भी फोगिंग का कार्य ठीक से नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। मंगलवार को तीन डेंगू पॉजिटिव मरीज और मिलने से सीजन में आंकड़ा 217 पर पहुंच चुका है। अभी तक मिले डेंगू के 181 मामलों की पुष्टि प्राइवेट लैब व 36 केसों की पुष्टि सरकारी लैब से की गई है। इसके अलावा अब तक मलेरिया के भी 14 केस मिल चुके है। डेंगू पॉजिटिव केसों के आने से ब्लड बैंकों में प्लेटलेट्स की भी डिमांड बढ़ गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से ब्रीडिंग चेकर घरों में कूलर, पानी की टंकी, फ्रीज -ट्रे व पशुओं की खेल में भरे हुए पानी में लार्वा की जांच कर रहे है। जांच के दौरान मच्छर का लार्वा मिलने पर लोगों को नोटिस भी दिए जा रहे है। स्वास्थ्य विभाग की टीम अभी तक लार्वा मिलने पर 3024 लोगों को नोटिस थमा चुकी है।



रेवाड़ी। पानी के बर्तनों में लार्वा की जांच करते स्वास्थ्य कर्मी,पानी के ड्रम में दवाई डालते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### शहर में शतक की और पुहंच रहा डेंगू का आंकड़ा

गत वर्ष जिले में 411 डेंगू व 9 मलेरिया के केस आए थे। डिप्टी सीएमओ डा. अमित यादव ने बताया कि डेंगू केस वाले इलाकों में फोगिंग की जा रही है। अब तक 1869854 घरों में मॉस फीवर सर्वे किया जा चुका है। अब तक डेंगू संभावित बुखार पीड़ित 3399 लोगों के सेंपल भी लिए जा चुके है। अभी तक शहर में 93, सीएचसी गुरावड़ा में 9, सीएचसी मीरपुर में 21, सीएचसी बावल में 43, सीएचसी खोल में 40 व सीएचसी नाहड़ के अर्न्तगत 11 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल चुके है।

### डेंगू-मलेरिया से बचाव

डेंगू व मलेरिया बीमारियों से बचाव के लिए घर में आसपास साफ-सफाई रखे। ठहरे हुए पानी में काला तेल डाले। घरों के बर्तन, कूलर, पानी की टंकी व पशुओं की खेल की सफाई करते रहे, जिससे मच्छा का लार्वा न पनप सके। डेंगू व मलेरिया के लक्षण होने पर ब्लड की जांच कराकर डॉक्टर की सलाह पर ही दवाइयां ले। ज्यादा से ज्यादा पेय पद्धार्थों का सेवन करें।

### सतीश स्कूल में नवरात्र पर डांडिया नृत्य की धूम

रेवाड़ी। क्षेत्र की शैक्षणिक संस्था पब्लिक एजुकेशन बोर्ड के अधीन संचालित दिल्ली रोड स्थित सतीश पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मंगलवार को नवरात्र की अष्टमी के उपलक्ष्य में डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में पहली बार आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में शिक्षिकाओं व अन्य महिलाओं ने भागेदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या संगीता यादव ने किया। हमारे त्योहार सभी को एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी को अष्टमी व नवमी की बधाई भी दी। सभी ने लोकप्रिय गीतों पर जमकर डांडिया नृत्य किया। सभी ने लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के आयोजन में संगीता रानी, निशा यादव, अंजू यादव, नेहा यादव, रमनदीप, मोनिका, दीपिका, जयबाला, सुमनलता, आरती, जयमाला, दीपिका, रेखा, शोभा, हिमांशी, पिंकी, शैली, सोनिया, ममता, गरिमा, कोमल, दीपक व दयाराम का योगदान रहा।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में भाग लेते हुए शिक्षिकाएं। फोटो :हरिभूमि

# नया गांव दौलतपुर रोड पर चली डीटीपी की जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीटीपी की टीम ने मंगलवार को रेवाड़ी से नया गांव दौलतपुर रोड की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित हो रही लगभग 5 एकड़ की अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की इस कार्रवाई से अवैध रूप से निर्माण करने व कॉलोनियां काटने वाले लोगों में खलबली मच गई। डीटीपी ने बिना अनुमति कॉलोनियां विकसित करने वाले व प्लॉटिंग के बाद निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। मंगलवार को डीटीपी की टीम जेसीबी मशीन और पुलिस बल के साथ नया गांव दौलतपुर की राजस्व सीमा में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 5 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में 12 डीपीसी, 7 परिकास्ट चारदीवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को जमींदोज किया। भारी पुलिसबल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की कार्रवाई का विरोध नहीं हुआ।



रेवाड़ी। अवैध निर्माण तोड़ती डीटीपी की जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

### अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें नागरिकः डीटीपी



डीटीपी मंदीप सिहाग।

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि आमजन प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीकर मकान बनाने वाले लोगों को तोड़फोड़ के बाद दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले विभागीय कार्यालय से यह पता करना चाहिए कि जहां वह प्लॉट खरीद रहे हैं, वह कॉलोनी रेगुलर है या नहीं। अभी नई कॉलोनियों को रेगुलर को करने की सरकार की कोई योजना नहीं है। बिना अनुमति किए जाने वाले निर्माण किसी भी सूरत में छोड़े नहीं जाएंगे।

**श्रद्धालु आज रामनवमी पर कंजिकाओं का पूजन कर व्रतों का समापन करेंगे**

# श्रद्धालुओं ने अष्टमी पर की मां महागौरी की अराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

### श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए माता की स्तुति करते दिखाई दिए

शारदीय नवरात्रों की अष्टमी पर शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। नवरात्र के नौवें दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने मां महागौरी की पूजा-अर्चना की तथा काफी व्रतियों ने कंजिकाओं को भोजन कराकर अपने व्रतों का समापन भी किया। अब काफी श्रद्धालु बुधवार को रामनवमी पर कंजिकाओं का पूजन कर अपना व्रतों का समापन करेंगे। शहर के बारा हजारी स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर, धारूहेड़ा चुंगी स्थित काली माता मंदिर, बड़ा तालाब स्थित मंसा माता मंदिर, नई बस्ती स्थित मंसा देवी मंदिर, सेक्टर-3 स्थित माता मंदिर, बारा पत्थर स्थित कालीमाता मंदिर, आर्य समाज रोड स्थित दुर्गामाता मंदिर सहित सभी मंदिरों में पूजा की गई। श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए माता की स्तुति करते दिखाई दिए। इसके अलावा बारा हजारी में स्थापित मां बगुलामुखी के दरबार में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पड़ रही है।



रेवाड़ी। बारा हजारी मंदिर में सजी दुर्गा माता की प्रतिमा, दुर्गा मंदिर में पूजा के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार। फोटो :हरिभूमि

### कंजिकाओं का किया पूजन

शहर में मंगलवार को अष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया, जिन व्रतियों ने मां दुर्गा के नवरात्रों के व्रत रखे हुए थे, उनमें से कुछ व्रतियों ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर कंजिकाओं को भोजन कराकर अपने व्रतों का समापन किया तथा काफी व्रती एक अक्टूबर को नवमी मनाएंगे। कंजिकाओं की व्यवस्था करने में व्रति प्रातः से ही जुट गए थे। श्रद्धालुओं ने कंजिकाओं को भोजन कराकर अपने सामर्थ्य अनुसार उपहार भी भेंट किए।



रेवाड़ी। अष्टमी पर प्रसाद ग्रहण करते हुए कंजिकाएं। फोटो :हरिभूमि

### आज मां सिद्धिदात्री की उपासना करेंगे भक्त

शारदीय नवरात्रे के अंतिम दिन रामनवमी के पर्व पर उपासक बुधवार को मां दुर्गा की 9वीं शक्ति सिद्धिदात्री देवी की पूरे विधि-विधान के अनुसार पूजा अर्चना करेंगे। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि मां सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्या, ईशित्व और वशित्व यह 8 सिद्धियां होती हैं। मां सिद्धिदात्री भक्तों को यह सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। देवी पुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था, मां की अनुकम्पा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हो गया था। इसी कारण वह लोक में अर्धनारीश्वर के नाम से प्रसिद्ध हुए। मां सिद्धिदात्री 4 भुजाओं वाली हैं, इनका वाहन सिंह है, मां कमलपुष्प पर भी आसीन होती हैं। मां के दाहिनी हाथ में चक्र, ऊपर वाले हाथ में गदा तथा बांई ओर के नीचे वाले हाथ में शंख और ऊपर वाले हाथ में कमल पुष्प है।




# महाकाली से सामने आया अक्षय का फर्स्ट लुक

**मुंबई।** हनुमान फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा एक बार फिर पौराणिक कथाओं पर आधारित एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है महाकाली। अब फिल्म महाकाली से अभिनेता अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक सामने आया है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय खन्ना काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनके चारों ओर अंधेरा है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय सफेद रंग के बड़े बालों और बड़ी दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। उनके सिर पर ऋषियों की तरह जूड़ा भी बंधा हुआ है। उनकी एक आंख पूरी तरह से सफेद नजर आ रही है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय को पहचानना पूरी तरह से मुश्किल लग रहा है।

लाइफ Style

# हुमा अरेंज मैरिज और प्यार के बीच फंसी



हुमा कुरैशी, श्रेयस तलपड़े और सनी सिंह की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म सिंगल सलमा का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। शादी को केंद्र में रखते हुए सिंगल सलमा एक ट्रैंगल कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। ट्रेलर में भरपूर कॉमेडी और ड्रामा देखने को मिल रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

2 मिनट 16 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर और लखनऊ के रूमी दरवाजा के साथ होती है। इस वॉइस ओवर में कहा जाता है, 'हिंदुस्तान में कॅरियर और सक्सेस चाहे जितना कमा लीजिए, असली प्रमोशन सिर्फ एक चीज में है अब शादी कर लो।' इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है कुंवारी सलमा यानी हुमा कुरैशी की। फिर शुरू होता है सलमा की शादी कराने का प्रयास। एक-एक करके किरदार और कैंडिडेट आते जाते हैं। इसी दौरान ट्रेलर में कॉमेडी होती रहती है। इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है श्रेयस तलपड़े की, जो एक सीधे-सादे सलमा की ही उम्र के व्यक्ति बने हैं। जबकि दूसरी ओर हैं सनी सिंह, जो आजकल के जमाने के क्लब जाने वाले व्यक्ति हैं। इसके बाद सलमा, सिकंदर (श्रेयस तलपड़े) से अरेंज मैरिज करना चाहती है। लेकिन तभी उसका दिल मीत (सनी सिंह) के लिए भी धड़कने लगता है। बस यहीं से शुरु होता है सलमा की जिंदगी में कन्फ्यूजन। अब वो लखनऊ के रहने वाले सिकंदर से शादी करेगी या लंदन के रहने वाले मीत से, यह फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। ट्रेलर में लखनऊ की झलक देखने को मिली है, जिससे पता चलता है कि फिल्म में भी लखनऊ भरपूर देखने को मिलेगा। ट्रेलर में कई जगह डबल मीनिंग जोक भी हैं।

हॉलीवुड मसाला



# टूट गई निकोल की दूसरी शादी

**लॉस एंजिल्स।** टॉम क्रूज की एक्स वाइफ निकोल किडमैन पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में हैं। उन्होंने साल 2006 में कीथ अर्बन से शादी की थी। इनके दो बच्चे हैं। पर शादी के 19 साल बाद इनका रिश्ता टूट गया है। दोनों सेपरेट हो गए हैं। निकोल इस शादी को बचाना चाहती थीं। पर लाख चाहने के बावजूद ये रिश्ता टूट गया। ऑस्कर विनर एक्ट्रेस निकोल और कंट्री म्यूजिक स्टार कीथ ने महीनों की अटकलों के बाद अलग होने का फैसला किया है।



# ब्रिजर्टन 4 का पहला पोस्टर हुआ जारी

**लॉस एंजिल्स।** स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पहला पोस्टर शेयर किया गया है। साथ ही यह सीरीज कब दर्शकों को देखने को मिलेगी, इस बात से भी पर्दा उठ गया है। जानिए, 'ब्रिजर्टन 4' से जुड़ा यह नया अपडेट। नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पोस्टर शेयर किया गया है। जिसमें एक लड़की मास्क हाथ में लिए खड़ी है। उसका चेहरा पूरा नजर नहीं आया है। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा गया है, 'तैयार हो जाइए, क्योंकि कुछ भी हो सकता है। 'ब्रिजर्टन सीजन 4' 2026 में शुरू होगा। 'ब्रिजर्टन वेब सीरीज राइटर जूलिया क्विन की बुक्स पर बेस्ड है। इसके अब तक तीन सीजन आ चुके हैं। एक सीजन में एक्ट्रेस सिमोन एश्ले भी नजर आईं। यह सीरीज एक ब्रिटिश राज परिवार के बारे में है।



# बेटी के साथ दुर्गा पंडाल में हुईं शामिल


**मुंबई।** दुर्गा अष्टमी के दिन अभिनेत्री बिपाशा बसु ने दुर्गा पूजा पंडाल में अपनी बेटी देवी और पति करण सिंह ग्रोवर के साथ जाकर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया हैंडल पर दुर्गा पांडाल के कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जिनमें से एक एक वीडियो बिपाशा बसु और उनकी बेटी देवी का है। नॉर्थ बॉम्बे सर्बोजनीन दुर्गा पूजा पंडाल में बिपाशा अपने पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी देवी के साथ दिखीं। इस दौरान बिपाशा ने पैपराजी को जमकर पोज दिए। इसके साथ ही बिपाशा ने वहां पर मौजूद सभी लोगों को शुभो अष्टमी की शुभकामनाएं दीं और सभी का शुक्रिया अदा किया। दुर्गा अष्टमी के दिन बिपाशा ने नारंगी और लाल रंगी की साड़ी, लंबे झुमके, स्लीक बन और लाल लिपस्टिक में खूबसूरत लुक अपनाया।



# काजोल-ट्विंकल के शो में पहुंची आलिया

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो 'टू मच' की शुरुआत हो चुकी है। इसमें कई सितारे मेहमान बनकर पहुंच रहे हैं। अब शो में वरुण धवन और आलिया भट्ट पहुंचने वाले हैं। इस दौरान अभिनेता ने कुछ मजेदार बातें की है। काजोल और ट्विंकल के आगामी एपिसोड में वरुण धवन और आलिया भट्ट नजर आएंगे, जिसका एक प्रोमो वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो की शुरुआत में वरुण धवन ने अपनी फिल्म 'मैं तेरा हीरो' का डायलॉग बोला। उन्होंने कहा, 'मैं दिखता हूं स्वीट एंड इनोसेंश स्वामी टाइप का, लेकिन मैं हूं बड़ा अजीब टाइप का।'इसके आगे आलिया को किसी बात पर जोर से हंसते हुए देखा जाता है। आगे प्रोमो में वो कहते हैं, एक फिल्म है, जिसे मैंने जब देखा तो पसंद नहीं आई थी।

टीवी मसाला



# राइज एंड फॉल' में मनीषा रानी की वाइल्डकार्ड एंट्री

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर के शो 'राइज एंड फॉल'इन दिनों फिर से चर्चा मे है, क्योंकि मनीषा रानी ने वाइल्डकार्ड एंट्री की है। उनकी मजेदार वन-लाइनर्स, 'धनपवन साड़ी सेंटर'वाला किस्सा और फॉरेन इंग्लिश का मजाक सबको खूब भाया। ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर का रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' लगाता सुर्खियों में बना हुआ है। एक ओर जहां धनश्री वर्मा के खुलासों की लगातार चर्चा हो रही है, वहीं एक सच्चाई यह भी है कि भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के जाने के बाद से शो की व्यूअरशिप कम हो रही है। अब इस शो में सबकी धड़कनें बढ़ाने वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है मनीषा रानी की। 'बिग बॉस ओटीटी 2' में अपनी बातों, अदाओं और तेज दिमाग से धूम मचाने वाली मनीषा के आने से 'राइज एंड फॉल' में सनसनी मचने वाली है। मनीषा रानी ने शो में धमाकेदार एंट्री करते ही 6 लाख रुपए जीतने का मौका पाया और अपने आपको बेसमेंट फॉल से बचाया है। यही नहीं, उन्हें शो में एक कंटेस्टेंट को एलिमेशन के लिए नॉमिनेट करने और एक को एलिवेट करने का भी मौका मिला। मनीषा ने जहां बाली को शो से एविक्ट करने के लिए नॉमिनेट किया है, वहीं आरुष भोला एलिवेट करने का काम किया। इसके साथ ही धनश्री वर्मा को फॉल फेस करने के लिए भेजा। इसमें कोई दोराय नहीं है कि मनीषा के आने से गेम का रोमांच बढ़ गया है।

## तान्या ने बीच में छोड़ी पढ़ाई

**नई दिल्ली।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन लगातार बज में बना हुआ है। इसके कंटेस्टेंट्स आए दिन सुर्खियां बटोर रहे हैं। ग्वालियर के विद्या पब्लिक स्कूल से ग्रेजुएशन करने के बाद तान्या आर्किटेक्चर की



पढ़ाई करने के लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी गईं। लेकिन, अपने बिजनेस गोल्स पर फोकस करने के लिए उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। 26 साल की तान्या के इंस्टाग्राम पर 2.5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। डब्बू मलिक और ज्योति मलिक के बेटे अमाल मलिक कम उम्र से ही म्यूजिक की दुनिया में हैं। सफलता पाने के बाद भी उन्होंने पढ़ाई पूरी की। उन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में बताया था कि उनकी मां टीचर हैं और उन्होंने साफ कहा था कि कॅरियर के साथ-साथ पढ़ाई भी करनी है, क्योंकि वो बहुत जरूरी है। उन्होंने जमनाबाई नरसी स्कूल से पढ़ाई की और मुंबई के एनएम कॉलेज से कॉमर्स में बैचलर डिग्री हासिल की। कानपुर में जन्में गौरव खन्ना ने एक्टिंग की दुनिया में आने से पहले करीब एक साल तक आईटी फर्म में मार्केटिंग मैनेजर के तौर पर काम किया था।

# सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी से कम किए गए किसिंग सीन...


*फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' इन दिनों चर्चा में है। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ अभिनीत रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से यू/ए 13+ सर्टिफिकेट मिला है।*

**मुंबई।** बोर्ड की तरफ से फिल्म में मामूली संपादन की सिफारिश के बाद इसे रिलीज की इजाजत मिली है। सेंसर बोर्ड को फिल्म को मंजूरी देने से पहले दो बड़े बदलावों की जरूरत थी। पहला, 'गार्ड' शब्द को म्यूट करना, जिसका इस्तेमाल उस सीन में किया गया है जहां वरुण धवन का किरदार एक गाली को छिपाने की कोशिश करता है।



दूसरा, किसिंग सीन को लगभग 60 प्रतिशत कम करना था। इन संपादनों के बाद, फिल्म को आखिरी मंजूरी मिल गई। सेंसर सर्टिफिकेट में फिल्म की अवधि 135 मिनट 45 सेकंड या 2 घंटे 15 मिनट 45 सेकंड बताई गई है। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, मनीष पॉल, अक्षय ओबेरॉय और अभिनव शर्मा हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई है। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सिनेमाघरों में यह फिल्म ऋषभ शेट्टी की 'कंतारा चैप्टर 1' से टकराएगी। वरुण धवन और जान्हवी कपूर इस फिल्म का खूब प्रचार कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के साथ डांस करते हुए फिल्म का प्रमोशन किया था। आपको बता दें कि वरुण धवन जल्द ही फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं।

# ऐश्वर्या संग पोज देकर खुशी से झूमीं सिमोन



**पेरिस।** सोमवार को ब्रिटिश सीरीज ब्रिजर्टन की एक्ट्रेस सिमोन एश्ले ने अपने इंस्टाग्राम पर ऐश्वर्या राय के साथ एक फोटो शेयर कीं। सिमोन और ऐश्वर्या के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हैं। ऐश्वर्या बहुत प्यार से सिमोन के साथ गपशप कर रही हैं। अपना मेकअप छोड़कर ऐश्वर्या ने सिमोन के साथ सेल्फी ली। सिमोन एश्ले ने ऐश्वर्या राय के साथ क्लिक की गई सेल्फी को अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट किया है। साथ ही इस फोटो को ऐश्वर्या राय को भी टैग किया है। साथ ही फोटो पर एक हार्ट इमोजी भी बनाया है। यह फोटो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल है।

## आईएमडीबी ने जारी की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट

# बीते 25 साल में इन 25 फिल्मों ने जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** आईएमबीडी ने वैसी फिल्मों की लिस्ट जारी ही है जो पिछले 25 सालों की सबसे अधिक पॉप्युलर रहीं। इस डेटासेट में जहां शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। द इंटरनेट मूवी डेटाबेस ने पिछले 25 साल की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में साल 2000 के बाद से रिलीज हुई कई शानदार फिल्मों के नाम शामिल हैं। आईएमबीडी की लिस्ट में 2000 से 2025 के बीच में सबसे ज्यादा सर्च की गईं फिल्में और सितारों के नाम भी शामिल हैं और इन्हें ऑल टाइम पेज व्यूज के आधार पर रैंक किया गया है। ये रिपोर्ट 130 फिल्मों पर बेस्ड है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2000 से 2025 के बीच अब तक की सबसे ज्यादा पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की गई है। वहीं, इस लिस्ट में हालिया रिलीज फिल्म 2025 की 'सैयारा' पहले नंबर पर मौजूद है। सैयारा ने विक्की कौशल की छावा को भी पीछे छोड़ दिया है जो दूसरे नंबर पर है। 2025 की लिस्ट में तीसरे नंबर पर महावतार नरसिम्हा, चौथे नंबर पर ड्रैगन और पांचवें नंबर पर कुली है।





### इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में

आईएमबीडी की 130 फिल्मों पर बेस्ड इस इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में हैं। साल 2000 से 2005 तक की सभी टॉप फिल्मों में शाहरुख खान लीड रोल में थे, एसएस राजामौली की दो 'बाहुबली' फिल्मों के बाद के वर्षों में हिंदी स्पीकिंग रीजन से बाहर के टाइटल में काफी तेजी देखी गई।

### शाहरुख की कमबैक को रणबीर ने दी मात

ये तो साफ है कि शाहरुख खान लंबे समय से दर्शकों के पसंदीदा हीरो रहे हैं। पिछले 25 वर्षों के आधार पर बनी इस लिस्ट में टॉप पर रहने वाली सात फिल्में हैं। दिलचस्प बात ये है कि उनकी 2023 की सभी कमबैक हिट फिल्मों को रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने पछाड़ दिया।

### आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में

वहीं, पूरे 130 फिल्मों के डेटासेट में, शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। दीपिका पादुकोण 130 फिल्मों के डेटासेट में 10 फिल्मों के साथ सबसे लोकप्रिय फीमेल स्टार रहीं। 25 साल की के दौरान आखिरी सालों में दुनिया भर में अच्छा प्रदर्शन करने वाली फिल्मों में तेजी नजर आई।

### एनालिसिस के आधार पर ये फिल्में सबसे अधिक पॉप्युलर

| | |
|---|---|
| 2000 - मोहब्बतें | 2013 - द लंचबॉक्स |
| 2001 - कभी खुशी कभी गम | 2014 - पीके |
| 2002 - देवदास | 2015 - बाहुबली: द बिगिनिंग |
| 2003 - कल हो ना हो | 2016 - दंगल |
| 2004 - वीर-जारा | 2017 - बाहुबली 2: द कन्क्लूजन |
| 2005 - ब्लैक | 2018 - केजीएफ: चैप्टर 1 |
| 2006 - धूम 2 | 2019 - उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक |
| 2007 - तारे जमीन पर | 2020 - दिल बेचारा |
| 2008 - रब ने बना दी जोड़ी | 2021 - पुष्पा: द राइज |
| 2009 - 3 इडियट्स | 2022 – केजीएफ: चैप्टर 2 |
| 2010 - माई नेम इज खान | 2023 – एनिमल |
| 2011 - जिंदगी ना मिलेगी दोबारा | 2024 – पुष्पा 2: द रूल |
| 2012 - गैंग्स ऑफ वासेपुर | 2025 – सैयारा |

### वो फिल्में जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही

आईएमडीबी ने उन भारतीय फिल्मों की भी लिस्ट तैयार की है जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही है। इनमें वो फिल्में हैं जिनमें रिलीज़ के कई सालों बाद भी दर्शकों की दिलचस्पी में इजाफा देखने को मिली। इन फिल्मों में विरुमंदी (2004), बैंगलोर डेज (2014), मसान (2015), प्रेमम (2015), बरेली की बर्फी (2017) और रत्सासन (2018) शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### चिकित्सा शिविर में वरिष्ठ नागरिकों की हुई जांच

**रेवाड़ी।** आरोग्य भारती इकाई के तत्वावधान व बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट की ओर से आशियाना वृद्धाश्रम में निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच करके पोष्टिक आहार और जीवनशैली से संबंधित जानकारी दी गई। आश्रम के करीब 40 वरिष्ठ नागरिकों तथा अन्य सदस्यों ने कैंप का लाभ उठाया।

### युवा शिक्षा एवं खेलों से देश का नाम रोशन करें

**रेवाड़ी।** सेवा पखवाड़ा जिला पुलिस की ओर से स्वच्छता, पौधारोपण, रक्तदान, कानून व्यवस्था, अपराध व अपराधियों से दूरी, साइबर क्राइम से बचाव, महिला सुरक्षा, यातायात नियम व नशा उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अभियान चलाकर समाज में जन-जागरूकता फैलाई जा रही है।

### स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराएं

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स यानि एनक्यूएएस की जिला गुणवत्ता समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक हुई और एनक्वास मानकों पर खरा उतरने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में बेहतर से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए।

## रात्रि ठहराव: डीसी ने अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से किया संवाद

# रात्रि ठहराव में सड़क, जल निकासी फसल बीमा, बिजली पर की चर्चा

उपायुक्त ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देकर कई समस्याओं का तुरंत समाधान कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला प्रशासन की ओर से गांव कोलाना में आयोजित किए गए रात्रि ठहराव जनसंवाद कार्यक्रम में डीसी अभिषेक मीणा ने एसपी हेमेंद्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी, एसीयूटी रुहिना व एसडीएम सुरेश कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही समाधान किया। डीसी ने गांव के विकास से जुड़े ग्रामीणों के सुझावों को भी सुना। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और कार्यक्रम में गांव में बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर डीसी अभिषेक ने कहा कि जिले में समाधान शिविर व रात्रि ठहराव जनसंवाद कार्यक्रम से सभी वर्गों के लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि सरकार का यह संकल्प है कि प्रशासन जनता के द्वार तक पहुंचे और उसकी समस्याओं को समझे। उन्होंने कहा कुछ समस्याएं ऐसी होती हैं, जिनका स्थानीय स्तर पर समाधान संभव होता है, ऐसे में ग्रामीण एकजुटता के साथ ग्रामीण विकास में सहभागी बने। कार्यक्रम में कोलाना के अलावा आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं जैसे सड़क, जल निकासी, फसल बीमा, बिजली, आंगनबाड़ी भवन व पशु चिकित्सा केंद्र की स्थिति पर चर्चा की। डीसी ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देकर कई समस्याओं का तुरंत समाधान कराया। इस मौके पर ग्राम पंचायत की और से डीसी को मांगपत्र भी सौंपा गया।



रेवाड़ी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते डीसी व अन्य अधिकारी व रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों व ग्रामीणों से बात करते डीसी अभिषेक मीणा।

- प्रशासन जनता के द्वार तक पहुंचे और समस्याएं समझे

### प्लास्टिक मुक्त गांव में प्रथम आने पर दी बधाई

डीसी ने कोलाना गांव के लोगों को प्लास्टिक मुक्त गांव प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल करने और राज्य स्तरीय समारोह में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से सम्मानित होने पर बधाई दी। उन्होंने गांव में सफाई व्यवस्था बेहतर मिलने पर भी ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया। डीसी ने गांव कोलाना के राजकीय माध्यमिक विद्यालय का दौरा कर विद्यार्थियों से बातचीत की। वहीं उन्होंने ग्राम सचिवालय, आंगनबाड़ी केंद्र, श्मशानघाट और पशु औषधीय चिकित्सा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### योजनाओं की दी जानकारी

इस मौके पर डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि सरकार की ओर से महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का प्रदेशभर में शुभारंभ कर दिया गया है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। एक ही परिवार में कितनी भी महिलाएं पात्र हों, सभी को इस योजना का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों-कर्मचारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को उनका पूर्ण लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए ग्रामीणों को उनका फायदा उठाने की पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया। इस अवसर पर डीडीपीओ एचपी बंसल, जीएम रोडवेज निरंजन शर्मा, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, डीएसपी पवन कुमार, बीडीपीओ संदीप शर्मा व सरपंच राजीव सहित प्रशासनिक अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

## एक किलो 570 ग्राम भुक्की बरामद

# नशीले पदार्थ के साथ एक आरोपी पकड़ा

» एसपी ने अवैध नशे पर सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

एसपी ने जिले के सभी थाना प्रबंधकों, सीआईए इंचार्जों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध नशे पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं। जिसके तहत थाना शहर पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर महेंद्रगढ़ क्षेत्र में एक आरोपित को अवैध नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने जाटवास मोड पर नाकाबंदी कर ट्रक चालक उदयराज वासी सतगुरु नगर लोहोरा, लुधियाना पंजाब से एक किलो 570 ग्राम भुक्की (चूरा पोस्त) बरामद किया गया। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार बताया कि थाना शहर पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान सतनाली चौक महेंद्रगढ़ पर मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि नारनौल से महेंद्रगढ़ की तरफ आ रहे एक ट्रक में अवैध नशीला पदार्थ है।

टीम ने सूचना के आधार पर जाटवास मोड पर नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू की, चेकिंग के दौरान ट्रक को रुकवाकर चालक से पूछताछ की गई, उसने अपना नाम उदयराज वासी सतगुरु नगर लोहोरा लुधियाना पंजाब बताया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से नशीले पदार्थ से भरी पॉलिथिन बरामद हुई। पॉलिथन चेक करने पर भुक्की (चुरा पोस्त) बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया और नशीले पदार्थ को जब्त कर लिया गया।



महेंद्रगढ़। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

# बीस रेल सेवाओं के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन

- गाड़ी 14312 भुज-बरेली एक्सप्रेस एक अक्टूबर से भुज से प्रस्थान करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे की ओर से 20 रेलसेवाओं के मार्ग के स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 15631 बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस रेलसेवा 5 अक्टूबर से बाड़मेर से प्रस्थान करेगी तथा मार्ग के बाड़मेर से जयपुर के मध्य स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है।



गाड़ी संख्या 15633 बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस रेलसेवा एक अक्टूबर से बीकानेर से प्रस्थान करेगी, जिसमें मार्ग के बीकानेर से जयपुर के मध्य स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 14312 भुज-बरेली एक्सप्रेस रेलसेवा एक अक्टूबर से भुज से प्रस्थान करेगी तथा मार्ग के अजमेर से खैरथल के मध्य के स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 14322 भुज-बरेली एक्सप्रेस रेलसेवा 2 अक्टूबर से भुज से प्रस्थान करेगी तथा मार्ग के अजमेर से खैरथल के मध्य के स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 59630 फुलेरा-जयपुर सवारी गाड़ी एक अक्टूबर से फुलेरा से प्रस्थान करेगी, जिसके मार्ग के फुलेरा से जयपुर के मध्य के स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 12316 उदयपुर सिटी-कोलकाता सुपरफास्ट रेलसेवा जो दिनांक 06.10.25 से उदयपुर सिटी से प्रस्थान करेगी, जिसका जयपुर स्टेशन पर सुबह 9:05 बजे आगमन व 9:15 बजे प्रस्थान के स्थान पर परिवर्तित समय सुबह 8:30 बजे आगमन व 8:40 बजे प्रस्थान होगा। गाड़ी संख्या 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी एक्सप्रेस रेलसेवा एक अक्टूबर से बाड़मेर से प्रस्थान करेगी, जिसके मार्ग के बाड़मेर से रेवाड़ी के मध्य के स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 19712 भोपाल-जयपुर रेलसेवा 30 सितंबर से भोपाल से निर्धारित समय से प्रस्थान करेगी।

### इन ट्रेनों के समय में भी हुआ आंशिक परिवर्तन

गाड़ी संख्या 04718 तिरूपति-हिसार रेलसेवा 6 अक्टूबर से तिरूपति से अपने निर्धारित समय से प्रस्थान करेगी तथा सादुलपुर स्टेशन पर रात्रि 8:35 बजे आगमन व 9 बजे प्रस्थान के स्थान परिवर्तित समय रात्रि 8:40 बजे आगमन व 9:15 बजे प्रस्थान कर हिसार स्टेशन पर रात्रि 10:25 बजे के स्थान पर 10:40 बजे आगमन करेगी। गाड़ी संख्या 04712, बान्द्रा टर्मिनस-बीकानेर रेलसेवा 2 अक्टूबर से बान्द्रा टर्मिनस से प्रस्थान करेगी, जिसके मार्ग के रतनगढ से बीकानेर के मध्य के स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 54310 हिसार-दिल्ली रेलसेवा 2 अक्टूबर से हिसार से प्रस्थान करेगी, जिसके मार्ग के नांगल मूंदी से दिल्ली के मध्य के स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 12457 दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा 2 अक्टूबर से दिल्ली सराय से प्रस्थान करेगी।

# कोसली की बेटी दीपिका ने अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस में जीता 'पोस्टर प्राइज'

- दीपिका ने प्रतिभा और मेहनत से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कोसली गांव की होनहार बेटी दीपिका ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दीपिका ने देश के प्रतिष्ठित संस्थान इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नॉलाजी कानपुर से फिजिक्स विषय में पीएचडी की है। दीपिका की प्राथमिक शिक्षा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली से हुई। उन्होंने बीएससी और एमएससी की शिक्षा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से पूरी की। वर्ष 2016 में दीपिका ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट जेआरएफ उत्तीर्ण कर अपने शोध करियर की नींव रखी। हाल ही में जापान के फुकुओका शहर में आयोजित प्रतिष्ठित 9वीं एएपीपीएस-डीपीपी अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस में दीपिका ने अपने उच्चस्तरीय शोध कार्य को ओरल और पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनके उत्कृष्ट शोध कार्य को कान्फ्रेंस के बेसिक सेक्शन में पोस्टर प्राइज से सम्मानित किया गया, जो उनके गहन वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शोध प्रतिभा का प्रमाण है। दीपिका को यह सम्मान दूसरी बार प्राप्त हुआ है। इससे पहले वर्ष 2020 में भी उन्हें इसी कान्फ्रेंस के अप्लाइड सेक्शन में पोस्टर प्राइज मिला था।



रेवाड़ी। कोसली गांव की छात्रा दीपिका दाएं से दूसरी। फोटो : हरिभूमि

## लॉ स्टूडेंट्स व पुलिस कर्मचारियों ने तीन नए कानूनों पर की चर्चा



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद लॉ स्टूडेंट्स व पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की ओर से मंगलवार को तीन नए कानूनों के संबंध में पुलिस लाइन के मीटिंग हाल में आईजीयू मीरपुर के लॉ स्टूडेंट्स व पुलिस कर्मचारियों के साथ विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसआई सुशीला ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कानून प्रवर्तन में उत्कृष्टता और सत्य निष्ठा के प्रति प्रतिबद्धता को कायम रखना था। कार्यक्रम में कानूनों के लागू होने तथा क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान पुराने कानूनों की जगह लागू हुए तीन नए कानूनों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर एसआई सुशीला ने लॉ स्टूडेंट्स तथा पुलिस कर्मचारियों को कानून के अंतर्गत कार्य करते हुए लोगों को न्याय दिलाने में उनकी भूमिका के बारे में बताते हुए प्रोत्साहित किया।

# त्योहारों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम: एसपी

- बाजार में सिविल ड्रेस में तैनात किए पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला पुलिस कप्तान हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिला पुलिस ने आगामी दुर्गानवमी, दशहरा व दीपावली पर्व को देखते हुए जिले में व्यापक और कड़े सुरक्षा प्रबंध लागू किए हैं। एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों, बाजार, और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है ताकि जनमानस शांति, स्वाभिमान और सौहार्दपूर्ण रूप से उत्सव मना सकें। त्योहारी सीजन में सभी बाजार में भीड़-भाड़ रहती है और खरीदारी बढ़ती है। ऐसे में सजग और सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। पुलिस की ओर से ज्वेलर्स एसोसिएशन, मार्केट एसोसिएशन व होटल एसोसिएशन के साथ बैठक करके, उन्हें सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। इसके अलावा सभी व्यापारियों को सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की भी हिदायत भी दी गई है।



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

### पर्याप्त संख्या में ट्रैफि पुलिस कर्मी तैनात

शहर में पैदल व वाहन बेस्ड गश्त को और प्रभावी बनाया गया है। राइडर व ईआरवी वाहन सहित थाना व चौकी की अन्य गाड़ियों की लगातार पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों व बाजार में पैदल गश्त तथा सिविल ड्रेस में पुरुष व महिला कर्मचारी निरंतर मुस्तैद रहेंगे। उप मंडल बावल व कोसली में भी इसी प्रकार के सुरक्षा इंतजाम किए गए है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, धर्मशाला, होटल-लॉज, ढाबे तथा संवेदनशील आवासीय क्षेत्रों पर निरंतर जांच-पड़ताल जारी रहेगी ताकि संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की तुरंत पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सकें। शहर व व्यस्त बाजार में यातायात व्यवस्थित रखने के लिए पर्याप्त संख्या में ट्रैफि पुलिस कर्मी तैनात किए गए है।

### सोशल मीडिया व शरारती तत्वों पर निगरानी

समाज में अफवाह फैलाने वाले, तनाव पैदा करने वाले पोस्ट-ग्रुप्स पर साइबर सेल की ओर से सख्त निगरानी रखी जा रही है, जिससे शांति भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध तुरंत कानूनी कार्रवाई की जा सकें। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सभी नागरिकों तथा आयोजकों से अनुरोध किया है कि वे त्योहारों को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाएं। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना, हेल्पलाइन नंबर 112 या कंट्रोल रूम पर दे।

## युवाओं को जोड़ने के लिए अस्पताल संघर्ष समिति की नई पहल



रेवाड़ी। अस्पताल की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** सरकारी अस्पताल बनाने की मांग को लेकर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी रामगढ़ भगवानपुर का धरना मंगलवार को 107वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। धरने पर रोजाना रामगढ़ भगवानपुर के अलावा तुर्कियावास, बुड़ाना, बुड़ानी, फिदेड़ी, सुनारिया, फदनी, मीरपुर, मांढैया कलां, गोकलपुर, डाबड़ी, डोहकी, मुंढलिया, ढाकिया फदनी, बालियर खुर्द, माढैया कला, जाटी व गंगायचा जाट गांवों के ग्रामीण शामिल हो रहे है अस्पताल बनाओं संघर्ष समिति की ओर से अब युवाओं को इस संघर्ष में जोड़ने के लिए नई पहल शुरू की जा रही है। समिति की ओर से 5 अक्टूबर को रामगढ़ भगवानपुर में पंचायती वालीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। सरपंच प्रतिनिधी अनिल कुमार ने बताया कि टूर्नामेंट में पहला ईनाम 15000 प्लस, दूसरा ईनाम 11000 प्लस, तीसरा ईनाम 2100 प्लस तथा चौथा ईनाम 2100 प्लस नकद राशि का रहेगा। टूर्नामेंट के लिए तीन ग्राउंड होंगे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग 16 अक्टूबर तक मना रहा पोषण माह

# आंगनबाड़ी केंद्रों को कुपोषण मुक्त बनाने वालों को सम्मानित किया

लघु सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले की आंगनबाड़ी केंद्रों को कुपोषण मुक्त बनाने और स्वच्छ आंगनबाड़ी के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली व डीसी अभिषेक मीणा ने आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं को 1100-1100 रुपए की राशि इनाम स्वरूप और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं कुरुक्षेत्र से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राज्य स्तरीय समारोह में रेवाड़ी जिले की आठ नई आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों और 41 आंगनबाड़ी केंद्रों के सौंदर्यकरण का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी 16 अक्टूबर तक मनाए जा रहे आठवें पोषण माह में स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार के तहत जिला की गर्भवती महिलाओं, किशोरियों व छह वर्ष तक के बच्चों में पोषण स्तर में सुधार लाया जा रहा है। पोषण अभियान के तहत बच्चों की देखभाल एवं शिक्षा व पोषण के साथ पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं और बच्चों के लिए 2018 में पोषण माह कार्यक्रम की शुरूआत की थी। इसी के तहत इस साल 8वां पोषण माह राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है।



रेवाड़ी। आंगनबाडी कार्यकर्तार्ओं को सम्मानित करते भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली व डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

### इन आंगनबाड़ी केंद्रों को मिला स्वच्छता सम्मान

महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि जिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी आंगनबाड़ी को स्वच्छ बनाया गया है, उनमें रेवाड़ी शहर की छिपटवाड़ा की सुमन, बस्ती सराय की मीनू, जोगिया मोहल्ला की सरोज, नाहड़ ब्लॉक में गांव भाकली की सावित्री, गांव कारौली की बबीता व सरिता, जाटूसाना खंड में गांव डहीना कंवाली की सरोज बाला, औलांत की अनीता, फतेहपुरी की मनोज, रेवाड़ी खंड में गांव नंदरामपुर बास की राममाया, धारूहेड़ा की सुमन, अलावलपुर संतरा, बावल खंड में गांव कसौली की केला देवी व संजू, रसियावास की मंत्रा, खोल खंड की निमोठ की ममता व माया व प्राणपुरा की सरला देवी को सम्मानित किया गया।

### इन आंगनबाड़ी केंद्रों को मिला कुपोषण मुक्त सम्मान

महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि जिन आंगनवाड़ी कार्यकतार्ओं द्वारा अपनी कुपोषण मुक्त बनाया गया है, उनमें जाटूसाना खंड में गांव लिसान की मूर्ति, ढोकिया की सुमन, बेरली कलां की सरोज, रेवाड़ी खंड में गांव गोकलगढ़ की कुसुम, फदनी की निर्मला, शहबाजपुर खालसा की नीतू, रेवाड़ी शहरी क्षेत्र में वेदवाड़ा की सीमा देवी, नई आबादी की कमलेश शर्मा, शक्ति नगर की कमलेश, नाहड़ खंड में गांव कृष्ण नगर की ओमवती, टूमना की हंसा, झोलरी की रीना, खोल खंड में गांव सीहा की सरोज, राजपुरा की मंजू, आलियावास की मधु, बावल खंड में नांगल शहबाजपुर की तरूणा, रणसी माजरा की सुनिता और बालावास की पूनम को सम्मानित किया गया।

### बाबा जगनदास महाराज का मेला कल

**महेंद्रगढ़।** गांव बुचौली में बाबा जगनदास महाराज का मेला दो अक्टूबर को दशहरे पर्व पर लगेगा तथा उसी दिन देसी घी के भंडारे का आयोजन होगा। राजेश महाराज, सतीश मेहरा, अनिल मेहरा तथा जयसिंह नंबरदार ने बताया कि जो भी भगत सच्चे मन से अरदास लगाते हैं, बाबा उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत श्री केशव नगर (बहोतवास भोंदू) खण्ड जाटूसाना में एक अस्थायी सफाई कर्मी की नियुक्ति की जानी है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन सरपंच, ग्राम पंचायत श्री केशवनगर के पास 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर 2025 तक जमा करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए सरपंच कर्मबीर के मो.नंबर 8053681477 से संपर्क करें।

कर्मबीर सरपंच,
ग्राम पंचायत श्री केशवनगर
खंड जाटूसाना (रेवाड़ी)

नागरिकों से आग्रह किया कि वे कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं

# जिला पुलिस टीम ने अनेक स्थानों पर लगाए 700 से अधिक पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

### आने वाली पीढ़ियां स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण में जीवन व्यतीत कर सकें



रेवाड़ी। पौधरोपण करते हुए जिला पुलिस टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला पुलिस ने पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन और समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मंगलवार को डीएसपी सिटी जोगेंद्र शर्मा के सुपरविजन में विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। पुलिस टीम ने पुलिस लाइन सहित थाना शहर, मॉडल टाउन, कसोला, रोहड़ाई व धारूहेड़ा में अपने-अपने थाना परिसर एवं आसपास के एरिये में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और जिले को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। जिला पुलिस की ओर से विभिन्न स्थानों पर 700 से ज्यादा पौधे रोपित किए गए। डीएसपी सिटी तथा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए।



रेवाड़ी। थाने में पौधे लगाते हुए पुलिस टीम।

### नागरिकों से पौधरोपण कर उसकी सुरक्षा एवं संवर्धन की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया

इस मौके पर डीएसपी सिटी जोगेंद्र शर्मा ने कहा कि पौधरोपण न केवल पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाता है, बल्कि समाज में जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की भावना को भी बढ़ाता है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे भी कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी सुरक्षा एवं संवर्धन की जिम्मेदारी लें। उन्होंने ने कहा कि पुलिस विभाग केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। डीएसपी शर्मा ने कहा कि जिला पुलिस समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी, ताकि जनता में पर्यावरण, समाज और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बनी रहे और आने वाली पीढ़ियां स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण में जीवन व्यतीत कर सकें।

## बीएसएनएल का रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में रोड-शो आज

*हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी*

- बीएसएनएल की उपलब्धियों से अवगत कराएगा जाएगा

*भारत संचार निगम लिमिटेड अपनी स्थापना के 25 गौरवपूर्ण वर्षों यानि रजत जयंती के उपलक्ष्य में 1 अक्टूबर को प्रातः 5:30 बजे भव्य रोड शो का आयोजन कर रहा है। रोड-शो दूरसंचार केंद्र नाईवाली चौक से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नागरिकों को बीएसएनएल की उपलब्धियों से अवगत कराएगा। कार्यक्रम में बीएसएनएल के कर्मचारी, उनके चैनल पार्टनर्स, ग्राहकों तथा स्थानीय नागरिकों की भागीदारी रहेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य बीएसएनएल की 25 वर्षों की सेवा यात्रा को जनसमूह के समक्ष प्रस्तुत करना है। बीएसएनएल ने देश के कोने-कोने को जोड़ते हुए डिजिटल समावेशन, सुलभ संचार और आत्मनिर्भर तकनीक को बढ़ावा दिया है। रोड शो के दौरान बीएसएनएल की स्वदेशी 4जी सेवा को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।*

### पूंछ में आग लगाने पर बजरंग बली ने जला दी लंका

# जामवंत के याद दिलाने पर लंका पहुंचे हनुमान, अशोक वाटिका में सीता से मिले



रेवाड़ी। लंका में रावण से संवाद करते हुए हनुमान। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे कॉलोनी में श्री राम मंदिर रेलवे ड्राजमेटिक क्लब की ओर से केके सक्सेना के निर्देशन में चल रहे 65वें रामलीला उत्सव में सोमवार रात्रि पं. मोहनलाल शर्मा के मंत्रोच्चारण व पूजन के बाद दुबई से आए अशोक शर्मा पूर्व वरिष्ठ कलाकार ने रामलीला का उद्घाटन किया। रामलीला मंचन में वर्षा ऋतु बीत जाने के बाद सुग्रीव सारी सेना को चारों दिशाओं में माता सीता की खोज में भेजते है। हनुमान, जामवंत, अंगद व नल-नील को समुद्र किनारे पक्षीराज संपाति मिलते है, जोकि जटायु के भाई थे। वे माता सीता के लंका में होने की सूचना देते है, लेकिन अब प्रश्न यह उठता है कि समुद्र को पार करके लंका में कौन जाएगा, तब जामवंत हनुमान जी को उनके बल व पवन कुमार बनने की कहानी सुनाते है, जिसके बाद हनुमान लंका पहुंचते है, जहां उनकी मुलाकात लंकनी से होती है, जो हनुमान का रास्ता रोकती है, लेकिन हनुमान उसको एक घूसा मारते है, जिसके लगते ही उसको नारद मुनि का वचन याद आता है कि जब हनुमान का घूसा लगेगा तो समझ लेना की राक्षस कुल का विनाश शुरू हो गया है।

### सीता के दर्शन करके प्रभु राम की अंगूठी दी

हनुमान जी की रावण के भाई विभीषण से मुलाकात होती है, जो बताते है कि सीता माता अशोक वाटिका में हैं तथा रावण सीता को श्रीराम का ध्यान भूलाने को कहता है और स्वयं को स्वीकार करने का आग्रह करता है, जिसको सीता अस्वीकार कर देती है। हनुमान जी माता सीता के दर्शन करके प्रभु राम की अंगूठी देते है और अपने को राम का सेवक बताते है। भूख लगने पर हनुमान अशोक वाटिका के फल खाते है व वाटिका को उजाड़ देते है। रावण को यह सूचना मिलती है तो अक्षयकुमार व मेघनाथ को भेजा जाता है, लेकिन अक्षय कुमार मारा जाता है और मेघनाथ हनुमान को पकड़कर रावण दरबार में ले आता है, जहां रावण व हनुमान के बीच संवाद होते है और अंत में रावण हनुमान जी की पूंछ में आग लगवा देता हैं, जिससे हनुमान सारी लंका को जला देते है। लंका से वापस लौटने से पहले हनुमान माता सीता को इसकी सूचना देते है और सीता से उनकी निशानी मांगते है।

### सीता हरण के बाद वन में भटके श्रीराम-लक्ष्मण



रेवाड़ी। रामलीला मंचन में श्रीराम को वृतांत सुनाते जटायु।

रेवाड़ी। श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला के मंच पर सोमवार रात्रि शूर्पनखा रावण के दरबार में अपना दुखड़ा सुनाती है। रावण उसकी कटी नाक देखकर क्रोधित होता है और मामा मारीच से मिलकर षड्यंत्र रचता है। मामा मारीज को स्वर्ण मृग बनाकर पचंवटी भेजता है और सीता का हरण कर लेता है। पक्षीराज जटायु उसे रोकने की कोशिश करता है तो रावण उसे घायल कर देता है। इसके बाद श्रीराम व लक्ष्मण सीता की खोज में वन में भटकते हैं तो घायल जटायु उन्हें रावण की करतूत बताता है और प्राण त्याग देता है। श्रीराम का वर्षों से इंतजार कर रही भीलनी शबरी से राम मिलते हैं व उसके झूठे बेर खाते हैं। इसके बाद श्रीराम की मुलाकात हनुमान से होती है, हनुमान श्रीराम को सुग्रीव से मिलवाते हैं, जो अपने भाई बाली का सताया हुआ है।

### ये कलाकारों ने निभाए किरदार

मुख्य संरक्षक अशोक शर्मा ने बताया कि ललित सैनी ने राम, रूपेश गुप्ता ने सीता, हिमांशु गुप्ता ने लक्ष्मण, विजय पंवार ने रावण, संजय सैनी ने शूर्पनखा, वैभव शर्मा ने हनुमान, मनीष ने बाली, अमित कश्यप ने सुग्रीव, दीपक यादव ने जामवंत, संजय जेमिनी ने जटायु का अभिनय किया। लीला की शुरूआत सुप्रीम कंपनी के एचआर हेड बलजीत ने की। रामलीला के प्रधान अनुकूल शर्मा, श्याम गुप्ता, रमेश वशिष्ठ, राजेश पवार, महेश शर्मा और सुभाष गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। रामलीला के मंचन में लालाराम गुप्ता, श्रीपति शेखावत, विजय बिल्ला, मा. गोपाल, कर्ण गुप्ता, विकास गुप्ता, जयभूषण शर्मा, काकी अग्रवाल, अजय कुमार, बाबूलाल, मोनू व नानक ने सहयोग दिया। इस मौके पर रामलीला के मंच से लोगों से गंदगी और कूड़े रूपी रावण का दहन करने की अपील की गई। समिति के सदस्यों ने लोगों को न गंदगी फैलाने व न फैलाने देंगे का संदेश दिया।

### पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का दिया संदेश

रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा ने मंगलवार को सेक्टर-4 स्थित वरिष्ठ नागरिक क्लब का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ नागरिक क्लब परिसर में पौधारोपण कर क्लब के सदस्यों को पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते हुए समाज के लोगों को जागरूक करने का भी आह्वान किया। इस दौरान सदस्यों द्वारा क्लब के सौन्दर्यकरण कराने की मांग रखी गई, जिस पर डीसी अभिषेक मीणा ने मांग को जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया। डीसी मीणा ने कहा कि यह क्लब वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाया गया है। इस क्लब के साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी क्लब सदस्यों की है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि क्लब में विशेष रूप से साफ-सफाई रखी जाए, वहीं अन्य व्यवस्थाओं की देखरेख का दायित्व भी निभाया जाए। कार्यक्रम में क्लब सदस्यों द्वारा डीसी अभिषेक मीणा को पौधा भेंट कर सम्मान किया गया।

## नशे को समाप्त करना एक लंबी और सामूहिक प्रक्रिया

- बावल में एचएनसीबी की जागरूकता मुहिम, लोगों को दिलाई नशा मुक्त रहने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

एचएसएनसीबी जिला यूनिट की ओर से मंगलवार को बावल में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान आयोजित किया। बड़ी संख्या में नागरिक, बुजुर्ग, युवा व मजदूर शामिल हुए। एनसीबी टीम ने सभी लोगों को नशा न करने और समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई।एनसीबी यूनिट इंचार्ज निरीक्षक नीरज कुमार ने कहा कि नशा एक दीमक की तरह समाज को खोखला कर रहा है और यह गांवों, गलियों और घरों तक पहुंच चुका है। नशे को समाप्त करना एक लंबी और सामूहिक प्रक्रिया है, सरकार, परिवार, शिक्षा संस्थान, मीडिया और आम नागरिकों की भागीदारी अनिवार्य है। जागरूक समाज ही बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकता है। निरीक्षक नीरज कुमार और उनकी टीम ने हरियाणा सरकार और एचएसएनसीबी की विभिन्न पहल जैसे नमक लोटा अभियान, साइक्लॉथान मुहिम और नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन, बेकैट चैलेंज की जानकारी देते हुए समाज के सभी वर्गों को नशे के खिलाफ प्रेरित किया। नीरज कुमार ने अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी नशा बिकता दिखाई दे तो तुरंत भारत सरकार की टोल फ्री हेल्पलाइन 1933,पोर्टलएनसीबीमानस.जीओवी.इन, हरियाणा एनसीबी नंबर 90508-91508 या यूनिट इंचार्ज नंबर 9813136557 पर सूचना दें, ताकि दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जा सकें।

### कोसली के देवी मंदिर में अष्टमी पर रही भारी भीड़



कोसली। कोसली स्थित देवी मंदिर में नवरात्र की अष्टमी पर हजारों श्रृद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। कोसली गांव के देवी मंदिर में नवरात्र की अष्टमी को मेला लगता है, जिसमें भारी भीड़ होती है। कोसली क्षेत्र के दूर-दराज के लोग भी इस मौके पर शीश नवाने देवी मंदिर में आते हैं। विशेष रूप से नवविवाहित जोड़े विशेष रूप से देवी मां का आशीर्वाद लेने आते है। इसके अतिरिक्त नवजात शिशुओं के केश भी देवी मां को अर्पित किए जाते हैं। मंगलवार को अष्टमी के मेले में श्रृद्धालु महिलाओं, बच्चों व पुरूषों की भारी भीड़ रही तथा लोगों ने मेले में लगी स्टालों पर खरीदारी की। मठ व ग्रामीणों के सहयोग से भंडारे का आयोजन भी किया गया, सैकड़ों श्रृद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया तथा मठ में बाबा मुक्तेश्वरपुरी व महंत शिवपुरी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



रेवाड़ी। स्व. राव बिरेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विधायक व कार्यकर्ता।

## पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राव बिरेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

राव बिरेंद्र सिंह बेदाग साफ छवि के नेता थे और उन्होंने कभी भेदभाव की राजनीति नहीं की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्र में मंत्री रहे स्व. राव बिरेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर मंगलवार को उनकी समाधि स्थल पर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर हवन भी किया गया। बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि राव बिरेंद्र सिंह बेदाग साफ छवि के नेता थे और उन्होंने कभी भेदभाव की राजनीति नहीं की। वे एक व्यक्तित्व ही नहीं, बल्कि एक संस्था थे। उन्होंने कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही आज उनके पुत्र केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह पूरे समाज को साथ लेकर बिना भेदभाव के कार्य कर रहे हैं। वहीं देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार बिना भेदभाव के अंत्योदय की भावना से अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के दृष्टिगत जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। हर पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर भाजपा नेता डा. अरविंद यादव, सरपंच देवेंद्र यादव नारायणपुर, पूर्व जिला पार्षद आजाद सिंह नांधा, उपाध्यक्ष जीतू चेयरमैन, सचिव दिनेश यादव टींट, खोरी मंडल अध्यक्ष सरपंच नरेश यादव, खोल मंडल अध्यक्ष सुभाष यादव ढाणी शोभा, बावल मंडल अध्यक्ष रमेश लौर, युवा समाजसेवी यतेंद्र रावत, एनिमेट पर्सन जीवनराम गर्ग, यशु चेयरमैन, महामंत्री प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर, उपाध्यक्ष सरपंच हेमंत यादव नंगली गोधा, सरपंच चेतन अहरोद, सरपंच संजय राधा की ढाणी, पूर्व सरपंच कपिल नेहरा प्राणपुर, एडवोकेट निहाल सिंह चौकन आदि मौजूद रहे।

## बैंच प्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बावल के सेक्टर-2 स्थित जिम में आयोजित पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित जिला स्तरीय बैंच प्रेस प्रतियोगिता में सब जूनियर कैटेगरी में 83 किलोग्राम वजन वर्ग में पातूहेड़ा निवासी मनीष खटाना ने 90 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। सब जूनियर कैटेगरी में ही विदित कुमार ने 66 किलोग्राम वजन वर्ग में 60 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। जूनियर वर्ग में दुष्यंत निवासी बालधन कलां ने 74 किलोग्राम वजन वर्ग में 130 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक व जूनियर वर्ग में स्ट्रांगमैन का टाइटल हासिल किया। जूनियर वर्ग में ही देवेन्द्र निवासी पातूहेड़ा ने 120 किलोग्राम वजन वर्ग में 137 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। सीनियर वर्ग में उदन सिंह निवासी पातूहेड़ा ने 105 किलोग्राम वजन वर्ग में 177.5 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक व सीनियर रॉ में स्ट्रांगमैन का टाइटल हासिल किया।



रेवाड़ी। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते अमित स्वामी। फोटो : हरिभूमि

### खिलाड़ी खेलों में लगन व मेहनत से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे

प्रद्युम्न आर्य निवासी बालधन कलां ने 105 किलोग्राम सीनियर वजन वर्ग इक्वपीड में 260 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक तथा सीनियर स्ट्रांगमैन का टाइटल हासिल किया। मंगलवार को सभी विजेता खिलाड़ियों को यंगमैन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष व जिम एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित स्वामी ने सम्मानित किया। इस मौके पर स्वामी ने कहा कि ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी खेलों में लगन व मेहनत से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे इसी प्रकार प्रदेश व देश का नाम रोशन करते रहेंगे। सभी खिलाड़ियों का चयन नवंबर माह में बहादुरगढ़ में होने वाली हरियाणा स्टेट पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस अवसर पर जिले के दिव्यांग अन्तराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग खिलाड़ी संजय पहलवान निवासी जलियावास भी उपस्थित रहे।

## आईजीयू के तीन प्रोफेसरों को 16 लाख का रिसर्च प्रोजेक्ट मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डा. सुनील कुमार एवं उनकी टीम को हरियाणा राज्य विज्ञान परिषद, नवाचार और प्रौद्योगिकी की ओर से 16 लाख रुपये का रिसर्च प्रोजेक्ट मंजूर किया गया है। इस अनुसंधान एवं विकास परियोजना प्रोजेक्ट के अंतर्गत एकीकृत अपशिष्ट विषहरण और सतत ऊर्जा उत्पादन के लिए सोईल-कम्पोस्ट बायो-इलेक्ट्रो-कैटेलिटि सिस्टम में नैनो संशोधित इलेक्ट्रोड का विकास पर शोध कार्य किया जाएगा। मुख्य अन्वेषक डा. सुनील कुमार के अतिरिक्त टीम में शामिल अन्य सदस्यों में भौतिक विभाग के प्रोफेसर विजय कुमार वर्तमान में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति का कार्यभार संभाल रहे हैं एवं आईजीयू रसायन विभाग से प्रोफेसर रश्मि पुंडीर उनके साथ मिलकर इस शोध कार्य को आगे बढ़ाएंगे। आईजीयू कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने उनकी इस उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई दी। कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि उनकी यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### पहले गुरुग्राम लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने से वंचित रखा, उसके बाद ओबीसी सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से चलता किया

# नरेंद्र की ताजपोशी कैप्टन को तीसरा झटका, प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति पर उठाए सवाल

कैप्टन अजय सिंह यादव अहीरवाल कांग्रेस में सबसे वरिष्ठ नेता





नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

दक्षिणी हरियाणा के रास्ते प्रदेश की सत्ता की सीढ़ी चढ़ने के लिए भले ही कांग्रेस हाईकमान ने ओबीसी कार्ड खेलते हुए पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह को प्रदेशाध्यक्ष के पद पर आसीन कर दिया, परंतु हाईकमान का यह निर्णय पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव को जरा भी रास नहीं आया है। पार्टी के इस कदम को कार्यकर्ताओं को मनोबल गिराने वाला करार देते हुए उन्होंने हाईकमान को 'आत्म निरीक्षण' करने तक की नसीहत दे डाली। कैप्टन को पिछले कुछ समय में हाईकमान की ओर से तीसरा झटका दिया गया है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि कैप्टन अजय सिंह यादव अहीरवाल कांग्रेस में सबसे वरिष्ठ नेता हैं। इसके बावजूद कुछ समय से वह पार्टी में उपेक्षित नजर आने लगे हैं। बीते लोकसभा चुनावों में टिकट के लिए आवेदन की शर्त रखे जाने से नाराज कैप्टन ने पहले तो चुनाव लड़ने से ही मना कर दिया था। बाद में चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करते हुए आवेदन किया, तो हाईकमान ने उनके आवेदन पर विचार तक नहीं किया था। राज बब्बर को टिकट देकर कांग्रेस ने गुरूग्राम से चुनाव मैदान में उतार दिया था, जो कैप्टन जैसे सीनियर लीडर के लिए बड़े झटके से कम नहीं था। राज बब्बर को टिकट मिलने के बाद भी कैप्टन ने उनके चुनाव प्रचार में पूरी ताकत लगा दी थी। राज बब्बर को इस इलाके में कांग्रेसी नेता के रूप में लोग जानते तक नहीं थे। इसके बावजूद स्थानीय नेताओं की मदद से वह भाजपा प्रत्याशी को सीधी टक्कर देने में कामयाब रहे थे। चुनावों में हार के बाद कैप्टन ने पार्टी हाईकमान पर राज बब्बर को टिकट देने के निर्णय पर जमकर निशाना साधा था। कांग्रेस पार्टी ने कैप्टन को दूसरा झटका उस समय दिया, जब उन्हें ओबीसी सेल के राष्टीय अध्यक्ष पद से चलता कर दिया गया। पद बड़ा होने के बावजूद खुद कैप्टन ने सवाल उठाया था कि जब वह खुद की टिकट पक्की नहीं करा सकते, तो ऐसे पद पर बने रहने का क्या फायदा। राव नरेंद्र सिंह पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी रह चुके हैं, जिस कारण उनकी ताजपोशी के पीछे हुड्डा की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### दो दशक पूर्व कैप्टन के सानिध्य में रहे

वर्ष 2005 के विधानसभा चुनावों से पहले राव नरेंद्र ही नहीं, बल्कि अहीरवाल से अनीता यादव, राव धर्मपाल, राव दानसिंह व क्षेत्र के दूसरे कांग्रेसी नेता कैप्टन अजय सिंह यादव के दरबार में ही हाजिरी लगाते थे। उसे समय खुद कैप्टन तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष चौ. भजनलाल के खेमे में शामिल थे। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के सीएम बनने के बाद जब कैप्टन के हुड्डा के साथ मतभेद शुरू हुए, तो अहीरवाल के दूसरे नेता हुड्डा खेमे में शामिल हो गए थे। कैप्टन एक तरह से अहीरवाल में अलग-थलग रह गए थे।

### बेटे को प्रदेशाध्यक्ष देखना चाहते थे कैप्टन

कैप्टन अजय सिंह यादव को राव नरेंद्र की ताजपोशी जरा भी रास नहीं आई। उन्होंने 'एक्स' पर बेबाक तरीके से अपना दर्द हाईकमान तक पहुंचाने का काम कर दिया। कैप्टन ने एक्स पर लिखे संदेश में राव नरेंद्र की छवि को लेकर जहां सवाल उठाया है, वहीं राहुल गांधी की युवा को मौका देने की नीति का जिक्र करते हुए नरेंद्र की ताजपोशी से पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरने का दावा कर दिया गया है। कैप्टन अपने बेटे चिरंजीव राव को प्रदेशाध्यक्ष पद पर बैठाना चाहते थे, परंतु हाईकमान ने एक बार फिर उन्हें अनदेखा करने का काम कर दिया।